तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 4 नवम्बर 2026

10 युवाओं को राष्ट्रसेवा व देशभक्ति के लिए प्रेरित



10 शहर में विकास कार्यों को 21.50 करोड़ रुपये से



धनतेरस व दिवाली पर सेहत का खजाना इकट्ठा करें

अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

आपकी सेहत का हमसफ़र

बीमारियों और उनकी दवाइयों के साइड इफेक्ट्स से बचें

अथर्व आयुर्वेद ही क्यों?

- क्वालीफाइड MD/MS डॉक्टर्स
- ट्रेंड, एक्सपीरियंसड थैरेपिस्ट
- प्योर आयुर्वेदिक
- मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर
- हमारे हजारों ठीक हुए रोगियों का विश्वास

इनके बिना इधर-उधर समय, पैसा, सेहत से खिलवाड़ न करें।

ECHS- फौजी भाईयों के पैनल पर
हरियाणा का सबसे बड़ा आयुर्वेदिक हस्पताल




CGHS, F.C.I. हरियाणा सरकार

Bajaj Allianz · Chola MS General Insurance · HDFC ERGO · ICICI Lombard · IFFCO-TOKIO · navi insurance · Reliance General Insurance · TATA AIG · Aditya Birla Group · care Health Insurance · niva Bupa · Star Health Insurance · New India Assurance · Oriental Insurance · acko

GIC आदि प्राइवेट टी पी ए पैनल्स


दर्द का इलाज पेन किलर नहीं



आयुर्वेद पंचकर्म है

जोड़ों का दर्द, घिसावट, ग्रीस खत्म - कमर दर्द
* डिस्क, सरवाईकल, शियाटिका, गठिया
* लकवा, नसों की कमजोरी/फूलना, AVN, DVT
* स्पोर्ट्स इंजरी - मेनिस्कस/लिगामेन्ट टियर आदि

माइग्रेन एसिडिटी



* माइग्रेन-सिरदर्द - बी.पी., शुगर, थायराइड
* एसिडिटी, कब्ज, IBS, पेट-लिवर रोग
* सोरायसिस, एलर्जी, एगजीमा आदि, चमड़ी रोग
* बच्चों/बड़ों की खांसी/दमा आदि छाती रोग
* नजला, एलर्जी, साईनुसाईटिस आदि

स्त्री प्रसूति



* बार-बार एबॉर्शन
* गर्भ न ठहरना
* ट्यूब ब्लॉक,
* रसौली * फाईब्राइड, छाती में गांठ,
* माहवारी समस्या, PCOD/PCOS आदि

हर शुक्रवार फ्री चैकअप कैम्प

गुदा रोग



* गुदा में दर्द, गांठ
* खून-मवाद आना
* मस्सा बाहर आना
* बवासीर, भगन्दर, फिशर
* पाईलो नीडल साईनस आदि

आयुर्वेद-क्षार सूत्र से इलाज ताकि दोबारा न हो

हर शनिवार फ्री चैकअप कैम्प

अथर्व में Inguinal/ Umbellical Hernia,Hydrocele,Vacitectomy, Orchitectomy, Appendix,Gall bladder आदि के ऑपरेशन भी किये जाते हैं

ATHARV AYURVED

सोनीपत रोड, छोटूराम स्टेडियम के सामने, रोहतक (हरियाणा)

01262-257211, 8053928881, 8053508881

दिवाली पर मिट्टी से बने टेराकोटा की मूर्तियों की बढ़ी डिमांड

दुकानदारों ने ग्राहकों को रिझाने के लिए आकर्षक रूप से सजा रखी हैं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दीपावली पर्व पर मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियों की डिमांड बढ़ने लगी है। लोग अपने घरों को आकर्षक रुप से सजाने के लिए टेराकोटा की मूर्तियों व प्राकृतिक दिखाई देने वाले फूलों को खरीदने में लगे हैं। खास बात यह है कि मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियों की डिमांड बढ़ने पर दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मूर्तियों और फूलों पर काफी छूट का ग्राहकों आफर दे दिया है। छूट मिलने से गिफ्ट गेलरियों में खरीददारों की भीड़ जुटने लगी है। गिफ्ट सेंटर के संचालक विशाल उर्फ विशु ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व पर मिट्टी से बनी टेराकोटा की मूर्तियां व अन्य आईटम को ग्राहक ज्यादा खरीद रहे हैं। टेराकोटा में उनके यहां 25 आइटम आई हैं। जिनमें हांडी कैंडल स्टेंड, फाऊटेन दीये आदि शामिल हैं।



यमुनानगर। गिफ्ट गैलरी सेंटर पर सजाई गई टेराकोटा की मूर्तियां।

भारतीय संस्कृति की दिखती है झलक

सरोजनी कालोनी निवासी निशा, ममतेश व सोनिया आदि ने बताया कि टेराकोटा की मूर्तियों में भारतीय संस्कृति की झलक मिल रही है। जिसके घरों में रखने के कई फायदे हैं। एक तो वह अन्य मूर्तियों से सस्ती हैं और दिखने में काफी आकर्षक हैं। वहीं, मिट्टी की मूर्तियां घरों में रखना काफी शुभदायी माना जाता है।

उन्होंने बताया कि उनके यहां कैंडल स्टेंड सौ रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। वहीं फाऊटेंन सौ रुपये से एक हजार रुपये तक है। इसके अलावा दीये 10 रुपए से 50 रुपए तक उपलब्ध हैं। वहीं गिफ्ट गेलरी के संचालक मंजीत सिंह ने बताया कि उनके यहां भी गिफ्ट में काफी आइटम है। जिनमें टेरा कोटा से बनी सुराई तीन सौ से सात सौ रुपये, टेबल 250 से 600 रुपये, ट्रील स्पाइट 250 से 500 रुपये तक उपलब्ध है। वहीं लोटिंग एनिमल सौ रुपये व छोटे देवी देवताओं की मूर्तियां 50 से सौ रुपये तक नई डिजाइन में आई हैं।



युवाओं की खेल प्रतिभा तराशने में लगी है प्रदेश सरकार: सपरा

रादौर। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव 2.0 का रादौर विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ किया गया। इस दौरान रादौर के तीन स्थानों जेएमआईटीआई, जेएमआईईटीआई व करखा के खेल स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया।

■ सांसद खेल महोत्सव का रादौर में तीन स्थानों पर किया गया शुभारंभ

उन्होंने रिबन काटकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने की मुहिम आरंभ की है। प्रदेश सरकार युवाओं की खेल प्रतिभा को तराशने में लगी है। खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और शारीरिक एवं मानसिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सपरा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित यह महोत्सव स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने में मददगार बनेगा।सपरा ने कहा कि फिट युवा, विकसित भारत के संदेश के साथ आयोजित खेल महोत्सव खेल संस्कृति को मजबूत करने और नई खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण पहल बनेगा। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी, चेयरमैन परमजीत सिंह खेड़की, जिला महामंत्री नरेंद्र राणा, कृष्ण कांबोज, मेनपाल, हेमराज कुंजल व सतीश सैनी और नवीन जिन्दल फाउंडेशन प्रतिनिधि सलिंद्र कुमार व रादौर प्रभारी सोनी कुमार आदि मौजूद रहे।

कल जनसमूह को संबोधित करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री

अंबाला में अमित शाह की रैली होगी ऐतिहासिक : कंवरपाल

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जगाधरी में कार्यकर्ताओं की बैठक में जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में रैली को लेकर दिशा निर्देश देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि पांच नवंबर को अंबाला में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में जगाधरी समेत जिले से विशाल जनसमूह भाग लेगा। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी में रैली को लेकर आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक में कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि पांच नवंबर को अंबाला में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आगमन पर भाजपा द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

जिसे ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का अंबाला आगमन हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। यह रैली भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के उत्साह का भव्य प्रदर्शन बनेगी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने अपने क्षेत्रों में रैली का निमंत्रण पहुंचाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन उसके निष्ठावान और परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। अंबाला में होने वाली यह विशाल रैली संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के उत्साह का परिचय देगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,मंडल अध्यक्ष अमित देवधर,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा,मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल,मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी, वाइस चेयरमैन ओमपाल,चेयरमैन विपुल गर्ग, चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा,मंडल महामंत्री जगदीश धीमान व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी नहीं, हादसे का अंदेशा

■ रादौर-जठलाना मार्ग पर बनाए गए ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी लगाना भूल गया संबंधित विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर-जठलाना मार्ग पर जगह जगह बनाए गए ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी नहीं बनाने से लोगों को हादसे होने का डर सताने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने रादौर-जठलाना मार्ग पर बनाए गए ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी बनाए जाने की मांग की।



यमुनानगर। रादौर-जठलाना मार्ग पर बिना चेतावनी पट्टी के बनाए गए ब्रेकर।

क्षेत्र के राजपाल, सुरेंद्र, जयकुमार, सतपाल, वीरेंद्र, अंकुश, भूपेंद्र, सुखबीर व राजेश आदि ने बताया कि रादौर के एसके मार्ग पर स्थित त्रिवेणी चौक से जठलाना तक के करीब दस किलोमीटर के सड़क मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए जगह जगह ब्रेकर लगाए गए हैं। मगर ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी नहीं लगाई गई है। जिसकी वजह से रात के समय वाहन चालकों को ब्रेकर दिखाई नहीं देने की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। वहीं, मार्ग पर बने ब्रेकरों के रात के समय दिखाई नहीं देने पर कई वाहन चालक अब तक चोटिल भी हो चुके हैं। ब्रेकर न दिखने के कारण वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ब्रेकरों पर ना तो चेतावनी पट्टी बनाई गई है और ना ही ब्रेकरों के पास किसी भी प्रकार का सूचनात्मक बोर्ड लगाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए जठलाना रादौर मार्ग पर बने ब्रेकरों पर चेतावनी पट्टी व सूचनात्मक बोर्ड लगाए जाने की मांग की।



ब्राह्मणों का शोषण बर्दाश्त नहीं : मांगेराम

यमुनानगर। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज का शहर के भगवान परशुराम भवन गोविंदपुरी में सम्मेलन का आयोजन किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में त्यागी समाज हरियाणा के अध्यक्ष पुनीत त्यागी ,मार्केट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी व जिले सिंह पिचौलिया मौजूद रहे। मुख्यातिथि मांगेराम त्यागी ने शासन व प्रशासन को ब्राह्मण समाज का शोषण बंद करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब ब्राह्मणों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण धर्मशाला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान,सतीश गौतम पानीपता, जय भगवान शर्मा अंबाला,मनोज त्यागी, बिट्टू त्यागी, मुकेश त्यागी, अजय त्यागी, अरुण त्यागी, परीक्षित त्यागी, गौरव त्यागी, रमेश वशिष्ठ, राजेश कौशिक, पंडित उदयवीर कौशिक व सतपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



श्रीराम वनवास की झांकी प्रस्तुत की

रादौर। पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसीपल स्वाती गोयल ने दीप प्रज्जवलित करके किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी के वनवास काल पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक झांकी रही। बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी का रूप धारण कर रामायण के वनवास प्रसंग को बहुत ही खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने दीप सजावट, रंगोली निर्माण और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़.चढ़कर भाग लिया। प्रिंसीपल स्वाती गोयल ने बच्चों को दीपावली के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

नाचरौन-जठलाना मार्ग क्षतिग्रस्त, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव नाचरौन में वाया शमशान घाट से जठलाना-रादौर मार्ग को जोड़ने वाला लिंक मार्ग लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा है। जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े लिंक मार्ग का दोबारा निर्माण करवाए जाने की मांग की।

समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह, पवन कुमार, बिंद्र राणा, यशपाल व गुलाब सिंह आदि ने बताया कि नाचरौन गांव से वाया शमशान घाट होता हुआ लिंक मार्ग जठलाना-रादौर मार्ग से मिलता है। जिससे जहां रोजाना सैंकड़ो किसान अपने ट्रैक्टर ट्राली समेत अन्य वाहन लेकर अपने खेतों में आते जाते हैं। वहीं, इस लिंक मार्ग से क्षेत्र के अन्य गांवों के ग्रामीणों का भी आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले इस मार्ग को उखाड़कर पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी। पाइप लाइन बिछाने के बाद मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया।



यमुनानगर। नाचरौन गांव के लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त हाल में है। फोटो :हरिभूमि

आलम यह है कि मार्ग की हालत इतनी खस्ताहाल है कि वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल भी चलना मुश्किल है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत व प्रशासन को लिखित में शिकायत भी दी। परंतु आज तक शमशान घाट की सड़क नहीं बन पाई। जिससे बरसात के दिनो में ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकार से उनके गांव के लिंक मार्ग का निर्माण करवाए जाने की मांग की।

निशानदेही जल्द

नाचरौन गांव के सरपंच प्रतिनिधि सचिन कुमार ने बताया कि वाया शमशान घाट से जठलाना रादौर मार्ग को जोड़ने वाले लिंक मार्ग की निशानदेही के लिए बोला गया है। जैसे ही निशानदेही का कार्य पूरा होगा। सड़क बनाने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

पारंपरिक के साथ लाभकारी फसलों की खेती करें किसान

यमुनानगर। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में लघु सचिवालय में जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों व प्रगतिशील किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कृषि निदेशक अमित खत्री ने की। मौके पर अतिरिक्त कृषि निदेशक डॉ. प्रदीप मील, डॉ. राम प्रताप सिहाग व संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिहाग मौजूद रहे। खत्री ने जिला कृषि विभाग की गतिविधियों का अवलोकन किया व विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। मौके पर कृषि निदेशक अमित खत्री ने स्थानीय कृषि कार्यालय में किसान हॉल का उद्घाटन किया। समीक्षा बैठक के दौरान प्रगतिशील किसान ओंकार सिंह, पूर्व सरपंच देवधर, विजय कुमार, वागिस कांबोज धौली, रमनदीप वालियाए ने सुझाव दिए। कृषि निदेशक ने किसानों से जिला में बोई जा रही फसलों के अतिरिक्त अन्य लाभकारी फसलों को अपनाने का आह्वान किया। समीक्षा उप कृषि निदेशक आदित्य प्रताप डबास ने बैठक में आए अधिकारी व कर्मचारी व किसानों का धन्यवाद दिया।

मेयर ने भाटली में 43.78 लाख से बनने वाली धर्मशाला का किया शिलान्यास

सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार: बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर के साथ साथ गांवों में भी विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर एक के गांव भाटली में 43 लाख 78 हजार रुपये की लागत से कांबोज धर्मशाला का निर्माण करवाया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास व नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में साढ़ौरा से पूर्व विधायक बलवंत सिंह और पार्षद रीना रस्तोगी मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव भटली में कांबोज धर्मशाला का शिलान्यास व नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करतीं मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर और गांवों का समान रूप से विकास करवाना नगर निगम की प्राथमिकता है। धर्मशाला का निर्माण होने से गांव के लोगों को सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ साथ सामुदायिक विकास से जुड़े कार्य भी करवाए जा रहे हैं।

ये रहे मौजूद

मौके पर निगम के सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू, राजबीर, मोंटी कांबोज, अरुण कांबोज, बलबीर, परवीन, जोगिंदर,शिल्पा व अंजू आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



आंखों की सर्जरी के लिए जिंदल अस्पताल गए मरीज

रादौर। जिंदल फांउडेशन की ओर से गाँव उन्हेड़ी, जठलाना, नाहरपुर व अन्य गांवों से मंगलवार को आंखों के ऑपरेशन के लिए ग्रामीणों से भरी बस को जिंदल अस्पताल हिसार के लिए रवाना किया गया। जिंदल अस्पताल हिसार में ग्रामीणों की आंखों में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए उनकी आंखों का ऑपरेशन किया जायेगा। रादौर प्रभारी सोनी कुमार ने बताया कि घर से अस्पताल तक जाने वाले मरीजों का रहना, खाना सभी का ख्याल रखा गया है। मरीजों के रहने, खाने व ऑपरेशन पर आए खर्च को फांउडेशन द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद एक अन्य बस ग्रामीणों को आंखों में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए भेजी जाएगी। मौके पर मोहित राणा सरपंच उन्हेड़ी, बीर सिंह जठलाना, गौरव बंसल व अन्य लोग मौजूद थे।



बेटी की शादी में भेंट किया जरूरत का सामान

रादौर। डेरा सच्चा सौदा की आर्शीवाद मुहीम के तहत ब्लॉक जठलाना की साधसंगत द्वारा गांव साभापुर में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में जरूरत का सामान भेंट किया गया। ब्लॉक प्रेमी सेवक बहन ममता इन्सां, सलमा इन्सां संधाली, कृष्णा इन्सां गुमथला व प्रेमी सेवक शशि इन्सां ने बताया कि गांव साभापुर के एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी है। परिवार का मुखिया देवीचंद कई वर्षो से बीमार चल रहा है। ऐसे में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने आर्शीवाद मुहिम के तह जरुरतमंद परिवार की मदद करने का निर्णय लिया। जिसके बाद साधसंगत ने दो गर्म बिस्तरे, एक डबल बैड, एक अलमारी गोदरेज, ड्रेसिंग शीशा, लेडिज व जैंटस कुल 18 सूट, एक कंबल, सात बैडसीट, एक प्रैस, एक जूसर मशीन, एक कुकर, थाली, चपाती बाक्स, एक डिनर सेट,बैग व दीवार घड़ी समेत अन्य जरुरत का सामान भेंट किया।



तकनीकी प्रतिभा से हासिल किया दूसरा स्थान

रादौर। जेएमआईईटीआई इंजीयिरिंग कॉलेज रादौर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के बीटेक तृतीय वर्ष के दो विद्यार्थियों ने तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की टीम स्पाई जिसमें छात्र शैवी एवं प्रियांशु शामिल रहे, ने पुराण मूर्ति विद्यापीठ सोनीपत में आयोजित नेक्सटजेन एक्सपो-2026 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2100 रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया। संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान टीम ने अपना अभिनव प्रोजेक्ट नेटरा (नेटवर्क थ्रेट एनालिटिक्स एंड इंटेलीजेंस प्लेटफॉर्म) प्रस्तुत किया। यह एक साइबर सुरक्षा आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे नेटवर्क की सुरक्षा संबंधी गतिविधियों की निगरानी, संभावित खतरों की पहचान तथा साइबर खतरों की जांच के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर की नेटवर्क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की एचओडी सुश्री उपासना सूद ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं रादौर के गांव: नेपाल

रादौर। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। राणा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर के शहरी व ग्रामीण इलाकों में चहुंमुखी विकास कार्य किए जा रहे हैं। रादौर विधानसभा के गांवों और शहरों में भी मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यही वजह है कि रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों के निरंतर हो रहे सर्वांगीण विकास, स्थानीय युवाओं की बढ़ती जागरूकता और एक सशक्त समाज का निर्माण हो रहा है। रादौर विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गाँव आज विकास की मुख्य धारा से जुड़कर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मौके पर मार्केट कमेटी रादौर के चेयरमैन रुपींदर सिंह मल्ली, पुष्पेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आदेश राणा, प्रवीण कल्याण, अजय कुमार व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



मंच पर रामायण के प्रसंगों को किया जीवंत

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में दीपावली पर्व के अवसर पर दीपावली कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कार्निवल में नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य, सांस्कृतिक, अभिनय और अन्य गतिविधियों में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विशेष रूप से बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुत की गई रामायण की झलक ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों से जोड़ते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और रामायण के प्रेरणादायक प्रसंगों को सुंदर ढंग से जीवंत किया।

धीरे-धीरे बढ़ रही मंडियों में धान की आवक

यमुनानगर। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में धान की आवक धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। गत 2 नवम्बर 2026 को जिला की सभी अनाज मंडियों में 352187 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाऊस और फूड एंड सप्लाई एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक नितिन सिंगला ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रेड-ए धान 2461 रुपये प्रति क्विंटल, कॉमन ग्रेड धान 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। 3 नवम्बर तक जिला की सभी 13 मंडियों में 352187 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। सभी मंडियों से लगभग 92.47 प्रतिशत धान का उठान हो चुका है। व्यासपुर अनाज मंडी में 41082 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 34393 मीट्रिक टन, गुमथला राव अनाज मंडी में 7094 मीट्रिक टन, जगाधरी अनाज मंडी में 53136 मीट्रिक टन, जठलाना अनाज मंडी में 3071 मीट्रिक टन, खारवन अनाज मंडी में 4339 मीट्रिक टन, प्रतापनगर अनाज मंडी में 32910 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर अनाज मंडी में 74448 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 47165 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 14217 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 11855 मीट्रिक टन, साढौरा अनाज मंडी में 27830 मीट्रिक टन व यमुनानगर अनाज मंडी में 347 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।







रत्नावली महोत्सव : ओपन एयर थिएटर में गूंजे हरियाणवी समूह गान के सुर, लोकगीतों ने बांधा समां

बदलते दौर में भी अपनी बोली और संस्कार न छोड़ें: प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली हरियाणा दिवस महोत्सव के तीसरे दिन ओपन एयर थिएटर में हरियाणवी समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से पहुंची टीमों ने अपनी सुरीली आवाज और सामूहिक गायन के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध लोक संगीत परंपरा को जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज, नारायणगढ़ (अंबाला), नीलम यूनिवर्सिटी, कैथल, आर.के.एस.डी. (पीजी) कॉलेज, कैथल, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन (एसआईएएसटीई), श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दूधौला (पलवल), आई.जी. महिला महाविद्यालय, कैथल तथा आर्य (पीजी) कॉलेज, पानीपत की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में लोकगीतों और भक्ति रस से ओतप्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। समूह गायन में कलाकारों के बीच सुर, ताल और सामंजस्य का बेहतरीन मेल देखने को मिला। विशेष रूप से प्रसिद्ध हरियाणवी लोकगीत ले लो रे राम का नाम, दुनिया में थारा कोई नहीं की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। गीत के बोल और कलाकारों की सामूहिक स्वर लहरियों पर ओपन एयर थिएटर तालियों से गूंज उठा।



कुरुक्षेत्र। मीडिया चौपाल में मौजूद भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुदेश छिकारा व अन्य।

हरियाणवी हमारी सामाजिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली हरियाणा दिवस महोत्सव के तीसरे दिन हिंदी विभाग द्वारा संचालित हरियाणवी मीडिया चौपाल में हरियाणवी संस्कृति, परंपराओं, मातृभाषा और सामाजिक मूल्यों को लेकर रोचक एवं सार्थक चर्चा हुई। चौपाल में उपस्थित अतिथियों ने बदलते समय के साथ हरियाणवी समाज में आ रहे बदलावों, पारिवारिक रिश्तों और नई पीढ़ी की जिम्मेदारियों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुदेश छिकारा ने अपने खास अंदाज में हरियाणवी संस्कृति और संस्कारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर में जीवनशैली और रहन-सहन भले ही बदल रहे हों, लेकिन हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। प्रो. सुदेश छिकारा ने कहा कि हरियाणवी बोली केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें अपनी मातृभाषा हरियाणवी बोलने में गर्व महसूस करना चाहिए। घरों, परिवारों और सामाजिक आयोजनों में हरियाणवी बोली का अधिक से अधिक प्रयोग होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी भाषा, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि जब हम स्वयं अपनी भाषा को सम्मान देंगे, तभी आने वाली पीढ़ियां भी उससे जुड़ाव महसूस करेंगी। उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान और परिवार में उनके महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बुजुर्ग किसी भी परिवार की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनके पास जीवन का लंबा अनुभव, व्यवहारिक ज्ञान और पीढ़ियों से संचित संस्कारों की अमूल्य धरोहर होती है।

हरियाणवी संस्कृति की विश्वभर में विशेष पहचान

हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के तीसरे दिन ऑडिटोरियम में आयोजित हरियाणवी चौपाल में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि हरियाणवी संस्कृति विश्वभर में अपनी विशेष पहचान रखती है। अपनी बोली, पहनावा और संस्कार हरियाणा की सबसे बड़ी समृद्धि हैं। प्रो. छिक्कारा ने कहा कि रत्नावली समारोह युवाओं को अपनी लोक संस्कृति से रूबरू कराने के साथ-साथ जीवन में आगे बढ़ने का मंच भी प्रदान करता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और लोक परंपराओं को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समारोह में छात्राओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि छात्राओं का उत्साह और प्रतिभा देखकर अच्छा लगा। रत्नावली जैसे आयोजन युवाओं को अपनी कला, संस्कृति और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। हरियाणवी चौपाल में शामिल होने के बाद प्रो. सुदेश छिक्कारा ने क्राफ्ट मेले का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प एवं कलात्मक वस्तुओं की सराहना की।



प्राचीन वस्तुओं से हरियाणवी ग्राम्य संस्कृति की मिली झलक



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह में तीसरे दिन क्रश हॉल में प्राचीन वस्तुओं की प्रदर्शनी के माध्यम से हरियाणवी ग्राम्य संस्कृति की झलक देखने को मिली। आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के विद्यार्थियों की टीम द्वारा पुरानी वस्तुओं की एक अनूठी प्रदर्शनी लगाई जिसमें हरियाणा की पारंपरिक जीवनशैली, घरेलू उपयोग की वस्तुओं, परिधान और खेती-बाड़ी में काम आने वाले पुराने उपकरणों को संजोकर प्रस्तुत किया गया है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि रत्नावली राज्य स्तरीय समारोह का उद्देश्य युवाओं को न केवल अपनी प्राचीन ग्रामीण संस्कृति से जोड़ना है बल्कि आने वाले समय में भी इसे धरोहर के रूप में आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है।

चित्रों से हरियाणवी संस्कृति महाभारत युद्ध का दिया संदेश

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित रत्नावली समारोह के तीसरे दिन क्रश हॉल में प्रतिभागियों द्वारा पेंटिंग तैयार की जा रही है जिसे 4 नवम्बर को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतिभागियों द्वारा हरियाणवी संस्कृति, महाभारत के युद्ध और प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न चित्रों के जरिए भारतीय संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भारत विधि महाविद्यालय की डॉ. अलका चोपड़ा ने बताया कि चित्रकला विद्यार्थियों के विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।

मोनो एक्टिंग में कलाकारों ने जीवंत किए अनेक किरदार

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली हरियाणा दिवस महोत्सव के तीसरे दिन मंच, कला और अभिनय प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला। मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय की टीमों के प्रतिभागियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवाद अदायगी और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से दर्शकों को प्रभावित किया। कलाकारों ने एकल अभिनय के माध्यम से विभिन्न किरदारों और परिस्थितियों को मंच पर जीवंत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मोनो एक्टिंग अभिनय की ऐसी विधा है, जिसमें एक कलाकार अकेले ही विभिन्न पात्रों, भावनाओं और परिस्थितियों को अपने अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करता है।

फॉक कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता में दिखी लोक संस्कृति की छटा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के तीसरे दिन फॉक कॉस्ट्यूम (मेल एंड फीमेल) प्रतियोगिता में हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और ग्रामीण जीवन की जीवंत झलक देखने को मिली। विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों, आभूषणों और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से हरियाणा की लोक परंपराओं को मंच पर साकार किया। प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी प्रस्तुति के लिए लगभग एक मिनट का समय दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में शैलेश कपूर, डॉ. कृष्ण कुमार और सतीश हरियाणवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की वेशभूषा, पारंपरिक परिधानों के चयन, सांस्कृतिक प्रामाणिकता और प्रस्तुति के आधार पर उनका मूल्यांकन किया।

बुजुर्गों ने खोला पुरानी परंपराओं का पिटारा



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली हरियाणा दिवस महोत्सव के तीसरे दिन हरियाणा की समृद्ध लोकसंस्कृति और पुरानी परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। इस अवसर पर हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे 75 से 80 वर्ष की आयु के बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभवों, पुरानी यादों और पारंपरिक रीति-रिवाजों को साझा कर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से रूबरू करवाया। जींद, कैथल, रोहतक और पानीपत सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए बुजुर्गों ने पुराने समय में शादी-ब्याह के दौरान निभाई जाने वाली रस्मों और परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सिंधारा, कोथली, डांगवारा, सगाई, बान बैठना, रथ, मझोली और चूरमा जैसी परंपराओं का जिक्र किया। इसके साथ ही चाक पूजन, मोड़ तोड़ की रस्म तथा अहोई माता, देवउठनी और कार्तिक स्नान जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की महत्ता भी बताई। बुजुर्गों ने बताया कि पहले शादी-ब्याह केवल एक दिन का आयोजन नहीं होता था, बल्कि कई दिनों तक चलने वाली रस्मों और पारिवारिक मेल-मिलाप का उत्सव होता था। इन अनुभवों के माध्यम से दर्शकों को हरियाणा के पुराने सामाजिक जीवन, पारिवारिक संबंधों और लोक मान्यताओं को करीब से जानने का अवसर मिला।

क्राफ्ट मेले में विद्यार्थियों की उद्यमिता ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह में लगे क्राफ्ट मेले में विद्यार्थियों की उद्यमशीलता और रचनात्मकता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ-साथ अपने हुनर को व्यवसाय का रूप देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की है। मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए हैंडमेड उत्पाद, चॉकलेट और बेकरी के सामान लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। छात्राओं आस्था, सिमरन और आकृति द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को आगंतुकों की विशेष सराहना मिल रही है।

पुलिस कस्टडी से भागा आरोपी, पैर में गोली मारकर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अवैध हथियार रखने के आरोप में चार गिरफ्तार, पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद

कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, यूपी से लाडवा लाते समय आरोपी अमन ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को एलएनजेपी



अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन निवासी घिसरपुरी (करनाल), नवीन उर्फ मोनू निवासी पखाना (करनाल) तथा आशु और श्याम उर्फ लाडी निवासी ननौता (सहारनपुर, यूपी) के रूप में हुई है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने तीन नवंबर की रात इंद्री-लाडवा रोड पर गांव लाठी धनौरा के पास नाकाबंदी के दौरान अमन को काबू किया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ के आधार पर नवीन, आशु और श्याम उर्फ लाडी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, तीन नवंबर को पीएसआई विशाल की टीम आरोपियों को यूपी के ननौता से कुरुक्षेत्र ला रही थी। गांव बड़ौंदी के पास पुलिस वाहन रुकने पर अमन एक पुलिस कर्मचारी से हाथ छुड़ाकर गन्ने के खेत की ओर भाग गया। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया।

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में पश्चिम बंगाल रहेगा पार्टनर राज्य

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। महोत्सव के तहत मुख्य एवं प्रमुख कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इस बार पश्चिम बंगाल पार्टनर राज्य रहेगा। महोत्सव में पश्चिम बंगाल की कला, संस्कृति और परंपराओं की विशेष झलक देखने को मिलेगी। वहीं, हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सांग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

नवकेतन गोयल एवं सुरेंद्र सुधा काका ने कालेश्वर तीर्थ में जल भराव का बटन दबाकर किया शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। प्राचीन एवं प्रसिद्ध कालेश्वर तीर्थ में जल प्रवाह का शुभारंभ ग्रीन होम प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक नवकेतन गोयल(बब्बी) एवं सुरेंद्र सुधा (काका) ने टयूबवेल का बटन दबाकर किया। यह



टयूबवेल दोनों ने दान स्वरूप लगवाया है। मंदिर परिसर में पहुंचने पर दोनों यजमानों का श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा एवं प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में सभा के सदस्यों ने वेदमंत्रोच्चरण के बीच पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवकेतन गोयल (बब्बी) और सुरेंद्र सुधा (काका) ने भगवान कालेश्वर की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया। इस टयूबवेल के लगने से कालेश्वर तीर्थ में स्वच्छ जल का प्रवाह होगा। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा लगभग 50 लाख रूपए की लागत से इस तीर्थ का जीर्णोद्धार किया गया था लेकिन जलभराव की कोई व्यवस्था न होने के कारण तीर्थ में जल नही था। अब टयूबवेल के लगने से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान एवं आचमन के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध होगा।

डॉ. ऋषिपाल की नाबार्ड के निदेशक मंडल में नियुक्ति पर हसला ने किया अभिनंदन



कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के पूर्व राज्य प्रधान डॉ. ऋषि पाल को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश के शिक्षा एवं प्राध्यापक समुदाय में खुशी की लहर है। इस अवसर पर हसला के राज्य महासचिव डॉ. तरसेम कौशिक ने डॉ. ऋषि पाल मथाना से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और इस प्रतिष्ठित नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हसला कुरुक्षेत्र के चेयरमैन सतबीर कौशिक, जिला संरक्षक डॉ. शीश पाल जांगड़ा, वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र बठला, रामेश्वर दास, अतुल कुमार शर्मा, प्राचार्य राजेश शैनी, संदीप तंवर, नरेश कुमार, अली शेर, राजेंद्र कुमार तथा लाडवा के ब्लॉक प्रधान तिलकराज सहित जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं अनेक प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. ऋषि पाल को इस प्रतिष्ठित नियुक्ति पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। डॉ. कौशिक ने कहा कि डॉ. ऋषि पाल की यह नियुक्ति उनके लंबे अनुभव, संगठनात्मक नेतृत्व और सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में योगदान का सम्मान है। यह उपलब्धि प्रदेश के समस्त प्राध्यापक समुदाय के लिए गर्व का विषय है।

खेल सांसद खेल महोत्सव का रोमांच, 11 खेलों में दमखम दिखा रहे खिलाड़ी

कुश्ती और जूडो में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

- जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने किया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे 'सांसद खेल महोत्सव 2.0' के तहत थानेसर विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं पूरे उत्साह और जोश के साथ चल रही हैं। क्षेत्र के विभिन्न खेल मैदानों में 11 खेलों के मुकाबलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, ताकत और खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने इन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं के शुरू होते



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता का शुभारंभ करती जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर।

ही खेल मैदानों में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक रहा। थानेसर के द्रोणाचार्य स्टेडियम में बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती, एथलेटिक्स, टग ऑफ वॉर, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित यह महोत्सव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने तथा आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और मेहनत के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को उचित मंच देना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

कुश्ती में खिलाड़ियों ने जीते मुकाबले

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में आयुषी, जानवी, मेघा, किरन, शैली, मनप्रीत और रोहिणी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग की अलग-अलग भार श्रेणियों में आदित्य, वैदिक, अक्षय, आरव, विनीत, अवधेश, जिगर और खुशप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। जूडो में सात भार वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम जूडो की पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 30 किलोग्राम भार वर्ग में दक्ष ने प्रथम तथा जशन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 35 किलोग्राम वर्ग में हरीश प्रथम और कपिल द्वितीय रहे। 40 किलोग्राम वर्ग में विराज ने प्रथम तथा राघव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 45 किलोग्राम वर्ग में चिराग प्रथम और इशांत द्वितीय रहे। 55 किलोग्राम भार वर्ग में लोकेश ने प्रथम और आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 60 किलोग्राम वर्ग में जतिन शर्मा प्रथम तथा अंश द्वितीय रहे। वहीं 66 किलोग्राम भार वर्ग में आदित्य ने प्रथम और गोरन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इन सभी सात भार वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने अगले चरण के मुकाबलों के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। इस अवसर पर मार्केटिंग कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सीकरी, मलकीत ढांडा, देवी दयाल शर्मा, नारायण शर्मा, नवीन जिन्दल फाउंडेशन से भूषण मंगला, डॉ. कर्मचंद, जीत राम और थानेसर हल्का प्रभारी बलविंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अंबाला। छावनी में टांगरी बांध के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा साकेत अस्पताल के पास जगाधरी-यमुनानगर हाईवे पर हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान 32 साल के मेहित के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता राहुल ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई मोहित पीवीसी का काम करता था। सोमवार रात करीब 1:30 बजे वह अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर घर से निकला था। जब वह टांगरी बांध के पास साकेत अस्पताल के सामने पहुंचा तो किसी वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। परिजन एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे चंडीगढ़ लेकर गए लेकिन रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ गई। इसके बाद उसे पंजाब एंड हरियाणा मेडिकल कॉलेज के सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रिटायर्ड महिला कर्मचारी से 1.45 लाख की ठगी

अंबाला। अंबाला शहर के बादशाही बाग इलाके में रहने वाली डाक विभाग की सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी से सोलर एनर्जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर साइबर ठगों ने 1,45,200 रुपये ठग लिए। ठगों ने फेसबुक पर फर्जी विज्ञापन डालकर और खुद को टाटा पावर हेड ऑफिस का अधिकारी बताकर ठगी की। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 5 अक्तूबर को फेसबुक पर टाटा पॉवर सोलर एनर्जी के नाम से एक स्पांसर विज्ञापन देखा था। विज्ञापन देखने के बाद उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को टाटा पावर का अधिकारी बताते हुए जिले की ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटरशिप ऑफर की। ठगों ने अलग-अलग तिथियों में रजिस्ट्रेशन फीस और ऑफिस सेटअप चार्ज के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के विभिन्न खातों में कुल 1,45,200 रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

फर्जी दस्तावेजों से 24.40लाख की ठगी


अंबाला। फर्जी दस्तावेज दिखाकर कारोबार करने के नाम पर प्लास्टिक व्यापारी से 24.40 लाख रुपये के पीवीसी पाइप मंगा लिए और भुगतान नहीं किया। आरोपियों ने ठगी के लिए पड़ोसी व्यापारी के नाम का नकली लेजर तैयार किया और भुगतान के एवज में बंद बैंक खाते के पोस्ट-डेटेड चेक थमा दिए। शिकायत और ईओडब्ल्यू सेल की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना पड़ाव पुलिस ने राजस्थान के व्यापारी पिता व पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कबाड़ी बाजार के मोहित जैन ने बताया कि दुखेड़ी रोड पर उनकी पत्नी के नाम से एम/एस डिविसा पॉलीमर्स नाम से फर्म है। यहां गार्डन पीवीसी पाइप बनाए जाते हैं। मार्च 2026 में राजस्थान के पाली के रहने वाले सोहन राज लखारा ने फोन कर खुद को वीर धानी ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताया और व्यापार करने की इच्छा जताई। आरोपी सोहन राज ने विश्वास जीतने के लिए परिवादी के व्हाट्सएप पर उनकी पड़ोसी फर्म कृष्णा प्लास्टिक का लेजर अकाउंट भेजा।

लाडवा बाइपास का वादा ढाई साल बाद भी पूरा नहीं, भाजपा हर मोर्चे पर विफल : हुड्डा

- मंगोली जाटान में कांग्रेस की वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल
- कांग्रेस काल में विकास, प्रति व्यक्ति आय और निवेश के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल था प्रदेश : हुड्डा
- मुख्यमंत्री को लाडवा के विकास पर देना चाहिए ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कांग्रेस के वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल अभियान के तहत मंगलवार को बाबैन क्षेत्र के गांव मंगोली जाटान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मुख्य रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मेवा सिंह ने की। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार को बने ढाई साल होने वाले हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाडवा में सरकार बनने पर सबसे पहले बाईपास बनवाने का किया गया वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री को हरियाणा और लाडवा के विकास पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन वह दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान जनता से किए कई वादे पूरे नहीं किए।



कुरुक्षेत्र। गांव मंगोली जाटान में मंच पर मौजूद कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और जिलाध्यक्ष मेवा सिंह।

बेरोजगारी व अपराध पर सरकार दे जवाब : दीपेंद्र

प्रदेश में बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए। हुड्डा ने धान खरीद में किसानों को कथित कटौती का सामना करने, गन्ने के भाव में कम बढ़ोतरी और युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के मुद्दे भी उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हरियाणा विकास, प्रति व्यक्ति आय और निवेश के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल था। उन्होंने मनरेगा, किसानों की कर्ज राहत और गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से चुनाव परिणाम प्रभावित किए।

हरियाणा की चौपालों तक पहुंचेगी लोकतंत्र बचाने की आवाज : राव

उन्होंने कहा कि वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल अभियान की शुरूआत लाडवा क्षेत्र से हुई है और इसे प्रदेश के गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान से उठी लोकतंत्र बचाने की आवाज अब हरियाणा की चौपालों तक पहुंचेगी। अभियान के माध्यम से वोट चोरी, लोकतंत्र और जनहित से जुड़े मुद्दों पर जनता के बीच सवाल उठाए जाएंगे। जिलाध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लाडवा क्षेत्र में भी संगठन को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के कितने युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। कार्यक्रम में विधायक रामकरण काला, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, हिमांशु अरोड़ा, जयपाल पांचाल, भगवंत विर्क, संजीव भूखड़ी, पवन चौधरी, जसबीर पंजेटा मौजूद रहे।

शाह के आगमन की तैयारियों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक

युवाओं को राष्ट्रसेवा व देशभक्ति के लिए प्रेरित करेगा स्मारक : गुप्ता

5 को शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, विशाल जनसभा को भी करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को प्रस्तावित अंबाला आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को अंबाला छावनी स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस मौके पर उनके साथ परिवहन, उर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज मौजूद रहें। बैठक में शहीद स्मारक के लोकार्पण समारोह और गांधी ग्राउंड में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं पार्टी नेताओं के साथ जनसभा स्थल गांधी ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुप्ता ने कहा कि 5 नवंबर का दिन प्रदेश और देश के लिए राष्ट्रीय उत्सव का दिन होगा। यह ऐतिहासिक अवसर उन असंख्य वीर शहीदों और गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने का है, जिन्होंने 1857 की क्रांति में देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मां अंबा की पावन धरती में निर्मित शहीद स्मारक उन वीर बलिदानियों के संघर्ष, त्याग और शौर्य को समर्पित है, जिनके योगदान को इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी



अंबाला। गांधी मैदान का मुआयना करती भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

गांधी ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सत्यप्रकाश जरावता, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, जिला प्रभारी मदन चौहान, एससी आयोग की चेयरपर्सन बंतो कटारिया, मेयर अक्षिता सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन स्वर्ण कौर, गुरप्रीत कौर, रिचा पाहवा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच, मुख्य प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

आने वाली पीढ़ियों को क्रांतिकारियों के साहस से परिचित कराने का माध्यम बनेगा शहीद स्मारक : डॉ. अर्चना

गुप्ता ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को देश के स्वतंत्रता संग्राम, क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्रभक्ति की भावना से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। यह स्मारक न केवल हमारे गौरवशाली इतिहास की याद दिलाएगा, बल्कि युवाओं को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के लिए प्रेरित भी करेगा। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा किअंबाला में निर्मित शहीद स्मारक इसी राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का इस ऐतिहासिक स्मारक के लोकार्पण के लिए अंबाला पहुंचना समूचे हरियाणा के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। इस स्मारक के माध्यम से देश व प्रदेश के युवाओं को पहले स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति में शहीद हुए वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद रखने का माध्यम बनेगा।

800 करोड़ के शहीद स्मारक के लोकार्पण की तैयारियां पूरी



अंबाला। पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

- युवा पीढ़ी को स्मारक के जरिए मिलेगी आजादी के इतिहास की विस्तृत जानकारी : अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीदों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक के लोकार्पण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 5 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 800 करोड़ रूपये बने इस ऐतिहासिक स्मारक का लोकार्पण करेंगे। अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह अमित शाह को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग अंबाला छावनी पहुंचेंगे। शाह के विचार सुनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इसके उपरांत उन्होंने अंबाला छावनी के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। विज ने कहा कि 5 नवंबर का दिन प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक होगा।

शहीद समारक 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित

उन्होंने कहा कि अंबाला में निर्मित शहीद स्मारक देश का ऐसा पहला स्मारक है, जो विशेष रूप से 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित है। इस स्मारक में 22 भव्य गैलरियों के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उस दौर की लड़ाइयों, घटनाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस स्मारक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के उस इतिहास को सामने लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति देश की आजादी की पहली लड़ाई थी जो कांग्रेस पार्टी के गठन से भी 28 वर्ष पहले लड़ी गई थी। स्मारक उन वीर शहीदों के योगदान और बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के वास्तविक इतिहास से परिचित करवाने का काम करेगा।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने सखी केंद्र का किया मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीरा परमार ने मंगलवार को वनस्टॉप सेंटर व सखी केंद्र व बाल सुधार गृह का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

मीरा परमार ने बाल सुधार गृह में जांच के दौरान दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की। भोजन की गुणवत्ता जानने के लिए कीचन का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने वनस्टॉप सेंटर व सखी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां पर घरेलू हिंसा या अन्य मामले से ग्रसित कोई भी महिला को यदि यहां पर अस्थाई तौर पर आश्रय दिया जाता है। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि वनस्टॉप सेंटर में रहने वाली महिलाओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा, पीपीओ अरविंद्रजीत कौर व अन्य मौजूद रहें।

शाह की रैली को लेकर पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

अंबाला। अंबाला छावनी स्थित गांधी मैदान में होने वाली रैली के मद्देनजर यातायात को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कुछ मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा तथा वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित किए गए हैं।

पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए अंबाला छावनी के जनता चौक से गीता गोपाल चौक तक अंबाला–यमुनानगर मार्ग बाधित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान वाहन चालक इस मार्ग का इस्तेमाल न करें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही आवागमन करें। यह मार्ग आपातकालीन सेवाओं के लिए खुला रहेगा। इसी तरह अंबाला छावनी से यमुनानगर जाने वाले वाहन चालक यमुनानगर जाने के लिए अंबाला से शाहबाद , साहा होते यमुनानगर जा सकते हैं । इसके अलावा मोहड़ा अनाज मंडी से न्यू रिंग रोड होते हुए बड़ा खड्डा व साहा से होते हुए भी यमुनानगर जाने का विकल्प है। इसके अलावा बलदेव नगर से पंजोखरा साहिब , शहजादपुर व साहा होते हुए यमुनानगर जाया जा सकता है। इसी तरह यमुनानगर से अंबाला आने वाले वाहन चालक साहा व शाहाबाद से होते हुए अंबाला आ सकते हैं। इसी तरह यमुनानगर से साहा , बड़ा खड्डा व न्यू रिंग रोड से होते हुए मोहड़ा अनाज मंडी से अंबाला छावनी तक आया जा सकता है। इसी तरह यमुनानगर से साहा , शहजादपुर व पंजोखरा साहिब होते हुए बलदेव नगर से अंबाला आ सकते हैं।

फसल लिमिट बढ़वाने पर भाकियू का प्रदर्शन, मार्केट कमेटी गेट पर जड़ा ताला

- कमेटी सचिव शर्मा ने किसानों से माफी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

धान की फसल की लिमिट बढ़वाने को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला लगाकर रोष प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष चमन गुर्जर ने आरोप लगाया कि गांव गिलमाजरी के किसान लखविंदर उर्फ लक्की को गेट पास और धान की लिमिट बढ़वाने के लिए कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने पड़े। प्रदर्शन के दौरान मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा और संबंधित कर्मचारी ने किसानों से माफी मांगी। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, सचिव ने कार्यालय में किसानों की भीड़ और पोर्टल से जुड़ी दिक्कतों को मामले की वजह बताया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या दूर करने के लिए दो अतिरिक्त ऑपरेटर लगाए गए हैं और सरकारी निर्देशों के अनुसार पात्र किसानों की लिमिट बढ़ाई जा रही है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और किसानों के बीच बहस भी हुई। इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मी मार्केट कमेटी कार्यालय का गेट खुलवाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं, भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के युवा प्रदेश अध्यक्ष चमन गुर्जर ने अन्य किसानों के साथ मिलकर गेट खोलने से इनकार कर दिया।



नारायणगढ़। ताला लगाने के दौरान रोकने का प्रयास करते पुलिस के जवान।

मंत्री विज के नाम व पहचान का दुरुपयोग कर लोगों से पैसे ऐंठने की कोशिश, केस

अंबाला। कैबिनेट मंत्री अनिल विज के नाम और पहचान का कथित तौर पर दुरुपयोग कर लोगों से पैसे ऐंठने की कोशिश का मामला सामने आया है। मंत्री के पीए अभिकांत वत्स ने अंबाला कैंट थाने में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। शिकायत के अनुसार, अलग-अलग मोबाइल नंबरों के जरिए मंत्री अनिल विज की पहचान का इस्तेमाल कर लोगों से संपर्क किया जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान हवाई जहाज का टिकट बुक कराने और अन्य जरूरी दस्तावेजों के नाम पर पैसे ट्रांसफर कराने की कोशिश की गई। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को आरोपी बनाकर जांच शुरू की है। शिकायत में दो मोबाइल नंबरों का जिक्र किया गया है। वत्स के अनुसार, 13 जनवरी 2026 को मोबाइल नंबर 9779551*** से अंबाला कैंट के एक व्यक्ति को कॉल की गई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने किया नाले के निर्माण व सड़क सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

शहर में विकास कार्यों को 21.50 करोड़ रुपये से मिलेगी गति

4.5 किलोमीटर लंबा व 20 फीट चौड़ा पक्का नाले से लोगों को गंदे पानी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। इसी कड़ी में अंबाला शहर में भी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए अनेक विकास परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। यह बात पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल ने अंबाला शहर में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 21.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले बरसाती नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत कही। उन्होंने बताया कि शहर के बरसाती पानी की निकासी के लिए यह नाला एक महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगा। वर्तमान में शहर का बरसाती पानी सेक्टर-9 और अन्य क्षेत्रों से होते हुए जिस नाले में पहुंचता है, उसकी लाइनिंग कच्ची होने के कारण बरसात के मौसम में पानी की निकासी में परेशानी आती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के समक्ष इस परियोजना की घोषणा करवाई गई थी। अब करीब 21.50 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 4.5 किलोमीटर लंबा और 20 फीट चौड़ा पक्का नाला बनाया जाएगा। इसकी पर्याप्त गहराई और क्षमता के कारण इसमें बड़ी मात्रा में बरसाती पानी की निकासी हो सकेगी।उन्होंने कहा कि इस नाले के निर्माण से आसपास के क्षेत्रों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और भारी बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी।



अंबाला। नाले का निर्माण का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

शहर के लाभकारी सिद्ध होगी परियोजना : पूर्व मंत्री

यह परियोजना अंबाला शहर के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी।पूर्व मंत्री ने बताया कि सेंट्रल जेल के नजदीक से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूल तक सडक के सुदृढ़ीकरण के कार्य का भी शिलान्यास किया गया है। इस कार्य पर लगभग 1 करोड़ 2 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे जल्द पूरा करवाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों तथा विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई बयार बह रही है। अंबाला शहर भी इस विकास यात्रा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शहर में सडक, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मेयर अक्षिता सैनी, मंडल अध्यक्ष मनीष आनंद, निगम सदस्य सपना रानी, दिनेश लदाना, गुरप्रीत सिंह, कमल गुप्ता, यतिन बंसल, संजीव गोयल, अनुभव अग्रवाल, रितेश गोयल, जसविंदर सिंह, मुकेश, गुरचरण सिंह और दर्शन सिंह उपस्थित रहे।